आ गए गणपति खुशियां मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
शंकर के लाल के मोदक खिलाइये,
सर चरणों में झुका जो चाहे पाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये।।

देवों में बड़े कहलाते है ये,
सबसे पहले ही पूजे जाते है ये,
थाल पूजा के सब मिलकर सजाइये,
थाल पूजा के सब मिलकर सजाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये।।

बड़ी करुणा करे गणपति लम्बोदर,
चरण इनके पड़े होता पावन वो घर,
करो स्वागत इनका घर में बिठाइये,
करो स्वागत इनका घर में बिठाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये।।

है चतुर्भुज गणेश काटे सबके कलेश,
कहते है सभी ब्रम्हा विष्णु महेश,
गिरी बड़े प्रेम से महिमा इनकी गाइये,

गिरी बड़े प्रेम से महिमा इनकी गाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये।।

आ गए गणपति खुशियां मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये,
शंकर के लाल के मोदक खिलाइये,
सर चरणों में झुका जो चाहे पाइये,
गौरा के लाल को मिलकर मनाइये।।

गायक प्रेम प्रकाश जी दुबे।

Source: https://www.bharattemples.com/aa-gaye-ganpati-khushiyan-manaiye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw